राज्य में लघु वनोपज आधारित विकास कार्यों की प्रगति में वृत्त तथा वन मंडलवार जगदलपुर शीर्ष पर

चर्चा में क्यों?

17 जून, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज आधारित विकास कार्यों की प्रगति में वित्तीय वर्ष 2022-23 अंतर्गत वृत्त तथा वन मंडलवार जगदलपुर शीर्ष पर है।

प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार राज्य के सभी 6 वनवृत्तों और वन मंडलों में लघु वनोपज आधारित विकास कार्यों की रैंकिंग में जगदलपुर को प्रथम स्थान हासिल हुआ है।
- प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ अनिल राय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें वृत्तवार प्रथम जगदलपुर के पश्चात् रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कांकेर तथा सरगुजा का स्थान है।
- इसी तरह ज़िला यूनियनवार रैंकिंग में प्रथम जगदलपुर के पश्चात् कटघोरा तथा बालोद का स्थान है। इसके पश्चात् क्रमश: बलौदाबाज़ार, धमतरी, गरियाबंद, कवर्धा, दंतेवाड़ा पूर्व भानुप्रतापपुर, राजनांदगाँव, कांकेर, बिलासपुर, महासमुंद, बलरामपुर, सुकमा, धरमजयगढ़, खैरागढ़, बीजापुर, कोरबा, नारायणपुर, सूरजपुर, रायगढ़, दक्षिण कोंडागाँव, सरगुजा, जशपुर, मनेंद्रगढ़, पश्चिम भानुप्रतापपुर, केशकाल, कोरिया तथा मरवाही का स्थान है।
- प्रबंध संचालक अनिल राय के अनुसार लघु वनोपज आधारित विकास कार्यों के अंतर्गत संग्रहण, प्रसंस्करण, विपणन, लाख पालन, औषधि परियोजना तथा वित्तीय प्रगति के आधार पर प्रत्येक वृत्त और ज़िला यूनियन द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा कर उक्त रैंक निर्धारित की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/circle-and-forest-division-wise-jagdalpur-on-top-in-the-progress-of-minor-forest-produce-based-development-works-in-the-state